web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार, 30 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 180

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 15 साल की दिव्यांग लडक़ी से 3 महीने तक रेप करता रहा 65 साल का गुरुद्वारा पुजारी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लुधियाना पंजाब के लुधियाना में गुरुद्वारे का पुजारी दिव्यांग लडक़ी से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। माछीवाड़ा के नूरपुर गांव में गुरुद्वारे के 65 वर्षीय पुजारी पर मानसिक रूप से विकलांग 15 वर्षीय लडक़ी का रेप करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिछले तीन महीने से बच्ची का रेप कर रहा था और गर्भधारण से बचने के लिए उसे गर्भनिरोधक देता था। आरोपी पुजारी का नाम सोहन सिंह उर्फ सोहनी है, जो कि पीड़िता का पड़ोसी है। मामला 26 मार्च को तब सामने आया, जब पीड़िता की मौसी ने लडक़ी को गोलियां खाते हुए देखा था। जब उन्होंने पूछताछ की, तो लडक़ी ने बताया कि सोहन सिंह उर्फ सोहनी ने उसे स्वास्थ्य में सुधार के लिए ये गोलियां दी हैं। लडक़ी ने यह भी खुलासा किया कि सोहन सिंह ने उसके लिए एक मोबाइल फोन खरीदा था। लडक़ी ने आगे कहा कि आरोपी उसके साथ बलात्कार करने से पहले कुछ गोलियां खाता था। माछीवाड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश मसीह ने कहा कि पुलिस ने शिकायत मिलने के तुरंत बाद प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

### अनुपमा ने किया विधानसभा में हंगामा

**देहरादून (आरएनएस)।** नयी सरकार के पहले विधानसभा सत्र का पहला ही दिन हंगामेदार रहा। मंगलवार को सत्र के पहले दिन ही कांग्रेस ने सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व सीएम हरीश रावत की बेटी और हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने भाजपा सरकार को एलपीजी, पेट्रोल-डीजल के दामों में हो रही बढ़ोतरी पर सरकार पर जमकर धावा बोला। रावत ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। एलपीजी सिलेंडर के दामों में वृद्धि होने से ग्रहणियों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। कहा कि पेट्रोल के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है। सरकार डीजल के दामों को भी नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है जिसकी वजह से रोजमर्रा की चीजें भी महंगी हो रही है। रावत ने चिंता जताई कि महंगाई की वजह से आमजन का जीना मुश्किल हो गया है। रावत ने कहा कि डबन इंजन सरकार को महंगाई रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करना होगा ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### बिगड़ रहा मौसम, पंजाब-हरियाणा-चंडीगढ़ में गर्मी बनेगी आफत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भविष्यवाणी की है अगले 2-3 दिनों में पूरे उत्तर पश्चिम भारत में गर्मी का सितम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसकी वजह मार्च में हुई कम बारिश है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च में बारिश की कमी अब तक उत्तर पश्चिम भारत में 72 से 88 प्रतिशत, मध्य भारत में 85, पूर्व और उत्तर पूर्व भारत में 59 और दक्षिण प्रायद्वीप में 14 प्रतिशत तक है। मौसम विभाग ने 1 मार्च को अपने पूर्वानुमान में देश भर में मार्च में सामान्य बारिश की भविष्यवाणी की थी, जो 83 से 117 प्रतिशत आंकी गई थी। मौसम वभिाग ने बताया है कि पिछले कुछ दिनों में पश्चिमी राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। मौसम वभिाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता और आवृत्ति कम हो रही है और उत्तरी मैदानी इलाकों में कोई मौसम प्रणाली विकसित नहीं हो रही है। यही नहीं, बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से नमी भी उपलब्ध नहीं है, इसलिए, अप्रैल के पहले 10 दिनों तक उत्तर भारत में किसी भी पूर्व मॉनसून गतिविधि के शुरू होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं हो रही हैं। सफदरजंग स्टेशन पर दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री अधिक 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोधी रोड, रिज, आयानगर, नरेला, पीतमपुरा आदि सहित दिल्ली के कई अन्य इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। राजस्थान के अजमेर, जयपुर, धौलपुर, टोंक, बूंदी आदि में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ गर्मी की लहर की स्थिति दर्ज की गई, जबकि पिलानी, बीकानेर, चुरू, गंगानगर में अधिकतम तापमान सामान्य से 7 से 9 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 30 मार्च तक पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की संभावना बन रही है।

# राष्ट्रपति कोविंद ने चार विदेशियों, दो एनआरआई को दिए पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने चार विदेशियों और भारतीय मूल के दो व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार दिए। इनमें भारत में जन्मे जापान के एक प्रमुख होटल व्यवसायी भी शामिल हैं। उनके अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया है।



राष्ट्रपति ने साहित्य और शिक्षा के लिए डॉ तातियाना शौम्याण को पद्मश्री दिया। वह रूसी विज्ञान अकादमी में भारतीय अध्ययन केंद्र की प्रमुख हैं। वह एशियाई देशों में भारत की विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की विशेषज्ञ हैं। मॉस्को के इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में सेंटर ऑफ इंडियन स्टडीज में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत पर उनके काम के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किया गया है।

राष्ट्रपति कोविंद ने व्यापार और उद्योग के लिए रयुको हीरा को पद्मश्री प्रदान किया। एचएमआई होटल ग्रुप और ओरा ग्रुप ऑफ कंपनीज जापान के अध्यक्ष, उन्होंने भारत में जापानी निवेश को प्रोत्साहित किया है। इसके अलावा जापान के रयुको हीरा को भी सम्मानित किया गया है। उनका जन्म जयपुर में कमलेश पंजाबी के रूप में हुआ। उन्हें रयुको हीरा और एचएमआई होटल ग्रुप के मालिक के रूप में जाना जाता है, जो जापान में होटलों और रिसॉर्ट्स की एक श्रृंखला चलाते हैं। वह जापान के भारतीय वाणिज्य और उद्योग संघ के अध्यक्ष भी है। उन्होंने भारत में निवेश के बहुत सारे अवसर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति कोविंद ने साहित्य और शिक्षा के लिए डॉ चिरापत प्रपंडविद्या को पद्मश्री प्रदान किया। वह एक थाई संस्कृत विद्वान हैं। वह बैंकॉक के सिलपाकोर्न विश्वविद्यालय में संस्कृत अध्ययन केंद्र के सदस्य हैं। वे संस्कृत स्टडीज फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। राष्ट्रपति ने साहित्य और शिक्षा के लिए रटगर कोर्टेनहॉर्स्ट को भी पद्मश्री प्रदान किया। वह डबलिन के जॉन स्कॉटस स्कूल में संस्कृत के शोधकर्ता और शिक्षक हैं। वे आयरलैंड में संस्कृत के प्रचार-प्रसार में अग्रणी रहे हैं।

ब्रिटिश भारतीय प्रोफेसर प्रोकर दासगुप्ता को चिकित्सा के लिए पद्म श्री मिला। वह किंग्स कॉलेज लंदन में एक प्रोफेसर हैं। उन्होंने यूरोलॉजी में रोबोटिक सर्जरी का बीड़ा उठाया है। 2010 और 2018 में उन्हें डेली मेल द्वारा यूनाइटेड किंगडम में शीर्ष दस प्रोस्टेट कैंसर सर्जनों में से एक नामित किया गया था। राष्ट्रपति कोविंद ने साहित्य और शिक्षा के लिए मारिया क्रिजिस्तोफ बायर्स्की को पद्मश्री प्रदान किया। वह वारसॉ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। उन्होंने मनुस्मृति, कामसूत्र और भासा और कालिदास के नाटकों का पोलिश भाषा में अनुवाद किया है।

बायर्स्की 1994 से 1996 तक भारत में पोलिश राजदूत थी। भारत के लिए उनका प्यार 1955 में शुरू हुआ जब वे वारसॉ विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन की छात्र थी। राजदूत के रूप में उन्होंने अपना विजिटिंग कार्ड देवनागरी लिपि में उकेरा था। 1994 में, जब उन्हें केरल में वार्षिक परीक्षित स्मृति व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया, बायर्स्की ने एक घंटे तक शुद्ध संस्कृत में बात की, जबकि उनके सामने बोलने वाले अन्य सभी संस्कृत विद्वानों ने मलयालम में अपने भाषण दिए।

## असम और मेघालय के बीच 50 साल पुराना सीमा विवाद सुलझा

**0 अमित शाह की मौजूदगी में दोनों मुख्यमंत्रियों ने किए हस्ताक्षर**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** असम और मेघालय के बीच 50 साल से चला आ रहा सीमा विवाद आज सुलझ गया है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 31 जनवरी को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की ओर से अमित शाह को एक मसौदा प्रस्ताव पेश करने के दो महीने बाद असम और मेघालय के बीच यह समझौता हुआ है। बैठक में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव भी मौजूद थे। वहीं, अमित शाह ने समझौते का ब्योरा देते हुए कहा, मुझे खुशी है कि आज विवाद की 12 जगहों में से 6 पर असम और मेघालय के बीच समझौता हुआ है। सीमा की लंबाई की दृष्टि से देखें तो लगभग 70 प्रतिशत सीमा आज विवादमुक्त हो गई है। मुझे भरोसा है कि बाकी की 6 जगहों को भी हम निकट भविष्य में सुलझा देंगे। असम और मेघायल के बीच 884 किलोमीटर की सीमा लगती है। ऐसे में दोनों राज्यों की सरकारें सीमा के साथ लगने वाली 12 'विवादित क्षेत्रों' में से छह में सीमा विवादों को हल करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव लेकर आई थीं। 36.79 वर्ग किमी भूमि के लिए प्रस्तावित सिफारिशों के अनुसार, असम 18.51 वर्ग किमी हिस्से को अपने पास रखेगा और बाकी के 18.28 वर्ग किमी जमीन को मेघालय को दे देगा। असम और मेघालय के बीच हुआ ये समझौता काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद बहुत लंबे समय से लंबित पड़ा हुआ था।

## जामगांव में हुये रेल दुर्घटना के कारण आज व कज भी कुछ पैसेंजर रहेगी रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** जामगांव स्टेशन में हुए रेल दुर्घटना के कारण 30 व 31 मार्च को कुछ पैसेंजर गाडिय़ां रद्द रहेगी, वहीं कुछ गाडिय़ां गंतव्य से पहले समाप्त होगी। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च को जामगांव में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी। इस दुर्घटना के कारण 28 मार्च को भी कई गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित हुआ था, वहीं 29 मार्च को गोंदिया से चलने वाली 12070 गोंदिया-रायगढ़ जन शताब्दी बिल्हा स्टेशन में समाप्त किया गया, जबकि 28 मार्च को निजामुद्दीन से रवाना हुई गाड़ी संख्या 12410 निजामुद्दीन रायगढ़ एक्सप्रेस को आज बिलासपुर में ही समाप्त कर दिया जाएगा।



इस रेल दुर्घटना के असर से 30 मार्च को भी कुछ पैसेंजर गाडिय़ों को रद्द किया गया है, जिनमें क्रमश: गाड़ी संख्या 08735 रायगढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी संख्या 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया- झारसुगुड़ा पैसेंजर स्पेशल एवं गाड़ी संख्या 08263 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। इसी प्रकार 31 मार्च को गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा -गोंदिया पैसेंजर स्पेशल एवं गाड़ी संख्या 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। इसके अलावा 30 मार्च को रायगढ़ से चलने वाली 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी बिल्हा स्टेशन से एवं रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर से ही रवाना होगी।

## नेहरू संग्रहालय का भी बदला नाम, अब पीएम म्यूजियम के तौर पर होगी पहचान, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नेहरू संग्रहालय का नाम बदलने का फैसला किया है। अब इसे पीएम म्यूजियम के नाम से जाना जाएगा। यहां देश के सभी 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों की यादों को सहेजा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेदकर जयंती यानी 14 अप्रैल को इसका उद्घाटन करेंगे।



पीएम मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से कहा कि एनडीए सरकार ने 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को स्वीकार करने के लिए यह कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यों को दिखाया गया है। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को मान्यता मिले।

पीएम मोदी ने बीजेपी सांसदों से कहा है कि केवल एनडीए सरकार ने पिछले प्रधानमंत्रियों के योगदान को मान्यता देने के लिए कदम उठाए हैं। पीएम मोदी ने बीजेपी सांसदों से बीआर अंबेडकर म्यूजियम जाने को भी कहा। बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में 14 अप्रैल को बीआर अंबेडकर संग्रहालय का भी उद्घाटन किया जाना है।

पीएम मोदी, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के शीर्ष नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने आज नई दिल्ली में अंबेडकर केंद्र में संसदीय दल की बैठक में भाग लिया।

भाजपा द्वारा 6 अप्रैल (भाजपा के स्थापना दिवस) से कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई है। पार्टी के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल तक यानी बीआर अंबेडकर की जयंती के दिन तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस बैठक में जेपी नड्डा ने पार्टी के आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रमों पर चर्चा की। बैठक के दौरान, भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को छह महीने और बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री को बधाई और धन्यवाद देने का प्रस्ताव भी पारित किया।

केंद्र सरकार ने शनिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) योजना को और छह महीने के लिए बढ़ा दिया। अब सितंबर 2022 तक प्रत्येक लाभार्थी को खाद्यान्न के सामान्य कोटे के अलावा प्रति माह अतिरिक्त 5 किलो मुफ्त राशन मिलेंगे।

# दिल्ली में 40 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन पकड़ी, अंतर्राष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के 2 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स स्मगलिंग गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत 40 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। गिरफ्तार दोनों तस्करों से पूछताछ में पता चला है कि ये एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय गैंग के सदस्य हैं और पिछले 5 साल से दिल्ली-एनसीआर और यूपी के कुछ हिस्सों में नशीली दवाओं की तस्करी में लिप्त थे।



दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जसमीत सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले नजीर उर्फ नाजिम और दिनेश सिंह के रूप में हुई है। इनके कब्जे से बरामद हेरोइन को म्यांमार से मणिपुर के रास्ते भारत लाया गया था। इन तस्करों के पास से एक कार भी बरामद की गई है, जिसमें छुपाने और नशीले पदार्थों के लाने के लिए एक गुप्त जगह बनाई गई है।

डीसीपी ने कहा कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट की उपयुक्त धाराओं के तहत थाना स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया था। सिंह के अनुसार, 24 मार्च, 2022 को स्पेशल सेल को विशेष सूचना मिली थी कि इस गैंग के दो सदस्य झारखंड से हेरोइन की एक बड़ी खेप लेकर आईएसबीटी सराय काले खां में अपने एक संपर्क को हेरोइन की सप्लाई करने के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे टी प्वाइंट पर आएंगे।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए ड्रग सप्लायर्स ने पूछताछ में खुलासा किया है कि ये एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक ड्रग कार्टेल के सदस्य हैं। इन दोनों ने पिछले पांच सालों से दिल्ली-एनसीआर और यूपी के कुछ हिस्सों में नशीली दवाओं की आपूर्ति में लिप्त होने का खुलासा किया है। उन्होंने झारखंड के चतरा जिले के एक व्यक्ति से यह हेरोइन खरीदी थी और उन्हें दिल्ली में एक व्यक्ति को छह किलोग्राम हेरोइन और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक व्यक्ति को शेष चार किलोग्राम पहुंचानी थी। उन्होंने आगे खुलासा किया कि उनके हेरोइन सप्लायर्स के म्यांमार और मणिपुर में संबंध हैं।

डीसीपी सिंह ने कहा कि म्यांमार से मणिपुर में लाई गई अधिकांश हेरोइन को असम और अरुणाचल प्रदेश के आस-पास के राज्यों में भेजा जाता है और फिर वहां से दिल्ली सहित देश के अन्य हिस्सों में प्रतिबंधित पदार्थों का परिवहन किया जाता है।

डीसीपी ने कहा कि इस मामले की जांच के दौरान यह पता चला है कि झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और मणिपुर के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अवैध रूप से खेती की गई अफीम से हेरोइन बनाई जाती है। गिरफ्तार किए गए नशीली दवाओं के तस्करों ने आगे खुलासा किया है कि वे झारखंड के दवा निर्माता और सप्लायर्स से भी हेरोइन खरीदते थे।

## भारतीय नौसेना की ताकत में बढ़ोतरी, आईएनएस 316 स्क्वाड्रन बेड़े में हुआ शामिल

**पणजी (आरएनएस)।** नौसेना के दूसरे पी-8आई विमान स्क्वाड्रन 'एयर स्क्वाड्रन 316' को मंगलवार को दक्षिण गोवा के डाबोलिम स्थित आईएनएस हंसा नौसैनिक अड्डे पर भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा, भारत हिंद महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' है, जो इस क्षेत्र में एक प्रभावी रणनीतिक भूमिका निभाने की हमारे देश की क्षमता और इसकी परिचालन पहुंच का विस्तार करने की आवश्यकता को दर्शाता है।

एडमिरल कुमार ने कहा, भारतीय नौसेना इस प्रतिबद्धता का अभिन्न अंग है। आईएनएएस 316 को शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने की दिशा में एक और मील का पत्थर है। आईएनएएस 316 को 'कोंडोर्स' नाम दिया गया है, जो विशाल पंखों वाले सबसे बड़े उडऩे वाले भूमि पक्षियों में से एक है। स्क्वाड्रन के प्रतीक चिह्न में समुद्र के विशाल नीले विस्तार पर उड़ान भरते हुए एक 'कोंडोर' को दर्शाया गया है। कोंडोर्स' उत्कृष्ट संवेदी क्षमताओं, शक्तिशाली एवं विशाल पंखों के लिए जाने जाते हैं, जो विमान की क्षमताओं और स्क्वाड्रन की परिकल्पित भूमिकाओं के प्रतीक हैं।

# बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति देगी यात्रियों को बेहतर सुविधा, बजट पास

**देहरादून (आरएनएस)।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 67.22 करोड़ का बजट पारित किया है। समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में हुई बैठक में बजट पास करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के स्थायी कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड पर कैशलेस इलाज की सुविधा देने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।



बीकेटीसी कार्यालय में हुई बैठक में कुल 67.22 करोड़ का बजट पारित किया गया, जिसमें से बदरीनाथ मंदिर से 34.44 करोड़ और केदारनाथ मंदिर से 32.78 करोड़ की आय प्रस्तावित है। मंदिरों से होने वाली आय के सापेक्ष व्यय को समान रूप से प्रस्तावित किया गया। बैठक में आगामी बदरीनाथ व केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

**स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से इलाज की सुविधा देने पर विचार-** मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि मंदिर समिति के प्रस्तावित बजट में तीर्थ यात्रियों को सुविधाएं के साथ ही बदरीनाथ व केदारनाथ धाम समेत अधीनस्थ मंदिरों की व्यवस्थाओं, पूजा व्यवस्था, संस्कृत विद्यालयों, विद्यापीठ फार्मेसी, विश्राम गृहों का रखरखाव, तीर्थयात्रियों को पेयजल, आवास व्यवस्था, प्रचार प्रसार, भोग व्यवस्था और यात्रा सुविधाओं का प्रावधान किया गया।

उन्होंने कहा कि बीकेटीसी का जल्द ही नया लोगो लांच किया जाएगा। बैठक में समिति ने स्थायी कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड पर कैशलेस इलाज की सुविधा देने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके अलावा अस्थायी कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से इलाज की सुविधा देने पर विचार किया जाएगा।

**80 लाख से होगा लक्ष्मीनारायण सिंहासन का पुनर्निर्माण-** बैठक में मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, आशुतोष डिमरी, जय प्रकाश उनियाल, भाष्कर डिमरी, वीरेंद्र असवाल, रणजीत सिंह राणा, पुष्कर जोशी, नंदा देवी, कृपा राम सेमवाल, राजपाल जड़धारी, प्रभारी मुख्य कार्याधिकारी सुनील तिवारी, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, गिरीश देवली, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल, लेखाकार आरसी तिवारी, भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़, अतुल डिमरी, विश्वनाथ, कुलदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि केदारनाथ मंदिर के पश्चिमी द्वार पर लक्ष्मी नारायण का सिंहासन है। जो 2013 की आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया था। मंदिर समिति की ओर से इसे ठीक भी कराया गया था। एक दान दाता के सहयोग से चांदी का सिंहासन तैयार किया जाएगा। इस पर लगभग 80 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।